(ख) क्या यह सच है कि तिलहनों के आयात से विदेशी मुद्रा की बचत में भी सहायता मिलेगी ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा लिये जा रहे निर्णय का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डी एल० बैठा) : (क) से (ग) सरकार, विभिन्न बातों, जैसे पौध संगरोध की आवश्यकताओं तिलहनों के आयात से संबंधित बदलती रहने वाली अर्थ-व्यवस्था, उन्हें प्राप्त करने तथा परिणामी तेलों का वितरण करने में आने वाली संभार-तंत्र संबंधी तथा प्रशासनिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुये, आमतौर पर तिलहनों के आयात के पक्ष में नहीं है। तथापि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के जरिये सहायता आधार पर 5 लाख मी० टन तिलहनों का आयात करने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। यह सहायता अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

"Glasnost and Perestroika" Serial

1407. DR. RATNAKAR PANDEY: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Reliance Industries have offered to sponsor Doordarshan serials to popularise "Glasnost and Perestroika" of Gorbachev as has been reported in the 'Hindustan Times' of July 6, 1988; and

(b) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI H. K. L. BHAGAT): (a) No, Sir. Doordarshan has not received any such offer.

(b) Does not arise.

धारावाहिक "अमीर खुसरो" का दूरदर्शन पर प्रसारण

1408 **डा० रत्नाकर पांडेय** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को दूरदर्शन पर प्रसारित किये जा रहे धारावाहिक "अमीर खुसरो" के प्रसारण के विरोध में कुछ पत्र प्राप्त हुये हैं यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ख) क्या सरकार इस धारावाहिक का प्रसारण बन्द करने अथवा इसमें कतिपय परिवर्तन करने का विचार रखती है यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच०के०एल० भगत) : (क) और (ख) सरकार को "अमीर खुसरो" धारावाहिक में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर दिखाने के आरोपों से संबंधित कुछ पत्र प्राप्त हुये है। दूरदर्शन को इस धारावाहिक को दिखाने से रोकने के लिये न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी किन्तु माननीय न्यायालय ने इस मामले को खारिज कर दिया। धारावाहिक को बन्द करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

Development of Soffware

1409. SHRIMATI VEENA VERMA:

SHRI KAPIL VERMA:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to an interview published in 'Hindustan Times' dated 5th June, 1988 to the effect that as per the Secretary, Ministry of Information and Broadcasting adequate attention has not been given by Government to the development of software for the development of software infrastructure in the electronic media; and